संख्या– BSDM /SDM-45/2019 – 2351

बिहार सरकार

श्रम संसाधन विभाग

बिहार कौशल विकास मिशन

प्रेषक,

राजीव रंजन,
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी कौशल विकास केन्द्र,
बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत निबंधित

पटना, दिनांक– 12/12/23

विषयः– बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत निबंधित सभी कौशल विकास केन्द्रों पर आधार संख्या आधारित IRIS बायोमेट्रिक मशीन के आधार पर उपस्थित दर्ज करने के संबंधे में।

महाशय,

बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा Attendance Monitoring System (AMS) का क्रियान्वयन बिहार कौशल विकास मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों यथा– कुशल युवा कार्यक्रम, डोमेन स्किलिंग, आर0टी0डी0, आर0पी0एल0 आदि में वर्तमान के आधार आधारित फिंगरप्रिंट बायोमेट्रिक मशीन द्वारा उपस्थिति दर्ज किया जा रहा है।

सभी कौशल विकास केन्द्रों पर दर्ज किये जाने वाले आधार आधारित फिंगरप्रिंट उपस्थिति की और सुदृढ़ निगरानी हेतु आधार आधारित IRIS बायोमेट्रिक मशीन को लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है। AMS process के केन्द्रों पर क्रियान्वयन किये जाने के निमित UIDAI अनुमोदित IRIS बायोमेट्रिक मशीन जो कि RD Registration Service Provider के SOP के अनुरूप निबंधित हो, का उपयोग किया जाना है। IRIS बायोमेट्रिक मशीन के क्रियान्वयन एवं निबंधन की प्रक्रिया के संबंध में संलग्न SOP के अनुरूप ही कार्य किया जाना अनिवार्य है।

अतएव निदेश है कि सभी कौशल विकास केन्द्र/प्रशिक्षण केन्द्रों पर आधार आधारित IRIS बायोमेट्रिक मशीन को क्रियान्वित करने की कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाये।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

(राजीव रंजन)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन।